# ACCOUNTING AND FINANCE

## Paper- II : Financial Accounting and Decision Making

**Time : Three Hours** **M.M. : 100**

### Part-A ( भाग-अ )

1. What do you mean by Departmental Accounting?
विभागीय लेखांकन से क्या आशय है?
2. When 'Branch Stock Adjustment Account' is prepared'?
शाखा समायोजन खाता कब बनाया जाता है?
3. What is the difference between 'Under insurance' and 'short sales'?
'न्यून बीमा' एवं न्यून बिक्री में क्या अन्तर है?
4. What is meant by Giltedged securities?
श्रेष्ठ प्रतिभूतियों से क्या तात्पर्य है?
5. Why voyage accounts are prepared?
जहाजी यात्रा खाते खाते क्यों तैयार किये जाते हैं?
6. Write two differences between Marginal cost and Direct cost.
सीमान्त लागत एवं प्रत्यक्ष लागत में दो अन्तर बताइये।
7. Find sales in value if BEP is 60% of sales and margin of safety is Rs. 3,60,000.
विक्रय राशि बताइये यदि BEP is 60% of sales and margin of safety is Rs. 3,60,000.
8. Define budget. बजट को परिभाषित कीजिए।
9. What do you mean by Ideal Standard? आदर्श प्रमाप से क्या तात्पर्य है?
10. How budgeted profit and standard profit are computed?
बजटेड लाभ एवं प्रमाप लाभ का परिकलन कैसे होता है?

### Part-B (Compulsory)
### भाग-ब ( अनिवार्य )

11. What are the advantages to the managers by preparing departmental profit and loss account?
विभागीय लाभ-हानि खाता बनाने से प्रबंधकों को कौन-कौन से लाभ होते हैं?
12. A had a opening stock of 10,000 containers costing Rs. 9 each. During the year ended 2014 March, a purchased 57,000 containers costing Rs. 10 each. During the period A sent 58,000 containers to its costumes which were not; returnable charged reparatory to them @ Rs. 12 each. The closing stock of containers was valued as cost o fifo basis. You are required to prepare containers stock account.
अ के पास 9 रू. लागत वाले 10,000 कन्टेनरों का प्रारम्भिक स्टॉक था। 2014 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान अ ने 10 रू. प्रति कन्टेनर की लागत पर 57,000 कन्टेनर क्रय किये। इस अवधि के दौरान अ ने अपने ग्राहकों को 58,000 कन्टेनर भेजे जिनका मूल्य 12 रू. प्रति कन्टेनर अलग से चार्ज किया और जो कि वापसी योग्य नहीं थे। कन्टेनरों का अंतिम स्टॉक प्रथम आगमन प्रथम निर्गमन फीफो आधार पर लागत मूल्य पर किया जाता है। आपको कन्टेनर स्टॉक खाता तैयार करना है।
13. What do you understand by 'Responsibility Account' Discuss its

http://questionpaperesult.com/

Scanned by CamScanner

advantages.

उत्तरदायित्व लेखांकन से आप क्या समझते हैं? इसके लाभ बताइये।

14. Explain what factors will affect the own or lease decisions.

समझाइए कि स्वामित्व क्रय करना या पट्टे पर लेने के निर्णय को कौन से घटक प्रभावित करेंगे।

15. Compute material price variance : (i) On the basis of purchase of material, (ii) on the basis of consumption of material from the following date:

निम्न समंकों से सामग्री मूल्य विचरण का परिकलन कीजिए (1) सामग्री की क्रय के आधार पर, (2) सामग्री के उपयोग के आधार पर :

Actual price Rs. 2.50 and standard price Rs. 2.40 per kg. purchase of material 4000kg, Material consumed 4300 kg.

## Part-C ( भाग-स )

### Unit-I ( इकाई-I )

16 Arvind Limited Bhilwara has a branch at Beawar, Head Office sends goods to its branch at cost plus 10%. Head office and branch sell goods to customers by adding profit at uniform gross profit rate of 25% on their respective costs. The trial balance of the company and its branch on 31march 2014 are as follow :

अरविन्द लिमिटेड भीलवाड़ा की ब्यावर में शाखा है। प्रधान कार्यालय अपनी शाखा की लागत में 10 प्रतिशत जोड़कर माल भेजता है। प्रधान कार्यालय एवं शाखा अपनी लागत में 25 प्रतिशत लाभ जोड़कर माल विक्रय ग्राहकों को करते हैं। 31 मार्च, 2014 को कम्पनी एवं शाखा का तलवट निम्न प्रकार है :–

| Particulars | Head office Debit Rs. | Head office Credit Rs. | Branch Debit Rs. | Branch Credit Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Fixed Assets : | 1,80,000 | | | |
| Share Capital | | 2,00,000 | | |
| Branch/H.O. Account | 30,000 | | | 30,000 |
| P & L A/c on 1-4-13 | | 40,000 | | |
| Stock on 1-4-13 | 24,000 | | 11,000 | |
| Good sent to/ received by branch | | 1,21,000 | 1,21,000 | |
| Purchase and sales | 2,50,000 | 1,80,000 | 66,000 | 1,23,750 |
| Selling expenses | 15,000 | | 8,000 | |
| Discount from Creditors | | 1,000 | | 250 |
| Debtors & Creditors | 44,000 | 25,000 | 7,400 | 79,400 |
| Bank | 24,000 | | 20,000 | |
| | **5,67,000** | **5,67,000** | **2,33,400** | **2,33,400** |

Prepare profit & Loss account and Balance Sheet of H.O. Branch and Company as a whole. Charge depreciation @ 10% on Fixed Assets. Assume 50% of opening stock and entire closing stock of branch represent goods transferred from H.O.

प्रधान कार्यालय शाखा एवं सम्पूर्ण कम्पनी का लाभ हानि खाता एवं चिट्ठा तैयार कीजिए। स्थायी सम्पत्तियों पर 10 प्रतिशत ह्रास लगाइये।

http://questionpaperesult.com/

Scanned by CamScanner

मानिए कि शाखा के प्रारम्भिक स्टॉक का 50 प्रतिशत एवं सम्पूर्ण अन्तिम स्टॉक प्रधान कार्यालय से हस्तान्तरित माल का प्रतिनिधित्व करता है।

Or/अथवा

16. What are Investment Accounts? Discuss the accounting treatment of purchase and sales of Investment in the books of investor. Give journal entries with imaginary figures.

विनियोग खाते क्या है? एक विनियोजक की पुस्तकों में विनियोगों की खरीद एवं बिक्री के सम्बन्ध में लेखांकन व्यवहार समझाइए। काल्पनिक अंकों सहित जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

## Unit-II (इकाई-II)

17. Compute Shut Down Point from the following information :

निम्नलिखित सूचनाओं से उत्पादन बन्दी का परिकलन कीजिए :

| | Under Normal Business Conditions | Under Business Recession Conditions |
|---|---|---|
| Monthly Demands (Q) | 40,000 | 8,000 |
| Selling price per | Rs. 50 | Rs. 44 units |
| Variable cost per unit | Rs. 40 | Rs. 39 |
| Annual fixed cost | 6,48,000 | Rs. 6,48,000 |

If business concern wants to shut down the business activities for recession period of three months, during temporary discontinuance period monthly fixed costs will be halved. Rs. 1,600 per month will be required to ensure security of business assets and Rs. 5,000 will be required to restart the business activities ofter expiry of recession period of three months.

व्यावसायिक संस्था मंदी के तीन महीनों के दौरान अस्थायी रूप से व्यावसायिक क्रियाएँ बन्द करना चाहती हैं। ऐसा करने पर इन तीन माह में स्थायी व्यय आधे हो जाएंगे। मंदी काल में व्यवसाय की सम्पत्तियों की सुरक्षा पर 1,600 रू. प्रतिमाह अतिरिक्त व्यय करना पड़ेगा तथा तीन माह की मंदी काल की समाप्ति के पश्चात् व्यावसायिक क्रियाओं को पुनः प्रारम्भ करने सम्बन्धी व्यय 5,000 रूपये होंगे।

Or/अथवा

17. What is 'Budgetary Control' and how is it prepared? What precautions should be taken while preparing the budget to make it more reliable? explain.

बजटरी नियंत्रण क्या है, यह कैसे तैयार किया जाता है? बजट बनाते समय क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिये ताकि वह अधिक विश्वसनीय हो सके? समझाइए।

## Unit-III (इकाई-III)

18. Standard labour hours per unit of product x and y are 15 hours and 20 hours respectively. Both products require identical labour and standard wage rate per hour is Rs. 5. In the year 2014, 10,000 units of product x and 15,000 units of producs were produced. The total labour hours actually paid on both products were 450 500 hours respectively, and actual wage bill came to Rs. 23,00,000. Above

http://questionpaperesult.com/

Scanned by CamScanner

mentioned labour hours paid include 12,000 hours paid for @ Rs. 7 per hour, 9,400 paid for @ Rs. 7.50 per hour and the balance have been paid @ Rs. 5 per hour. 200 labour hours were lost on account of machine breakdown and power failure. You are required to compute labour variances.

दो उत्पादों x और y के लिए प्रति इकाई प्रमाप समय क्रमशः 15 घण्टे एवं 20 घण्टे है। दोनों उत्पादों के लिए एक ही प्रकार की श्रम शक्ति की आवश्यकता है तथा प्रति घण्टा प्रमाप मजदूरी दर 5 रुपये है। वर्ष 2014 में x उत्पाद की 10,000 इकाइयाँ तथा y उत्पाद की 15,000 इकाइयाँ उत्पादित की गई। वास्तविक भुगतान किये गये कुल श्रम घण्टे क्रमशः 450 500 थे तथा कुल मजदूरी का बिल 23,00,000 रुपये था। इसमें से 12,000 घण्टे 7 रुपये प्रति घण्टे की दर पर चुकाये गये, 9,400 घण्टे 7.50 रुपये की दर पर चुकाये गये तथा शेष घण्टे 5 रुपये दर पर चुकाये गये। मशीन टूटने व बिजली जाने के कारण 200 श्रम घण्टे नष्ट हो गये।

आपको श्रम विचरणों का परिकलन करना हैं।

Or/अथवा

18. (i) What is a cash budget? Give its advantages.

रोकड़ बजट किसे कहते हैं? इसके लाभ दीजिए।

(ii) What is meant by Responsibility Accounting? Explain its characteristics.

उत्तरदायित्व लेखांकन से क्या तात्पर्य है? इसके प्रमुख लक्षण बताइये।

http://questionpaperresult.com/

Scanned by CamScanner